अमर उजाला

# कासमपुर खोला में नकली शराब फैक्टरी का भंडाफोड़

मेरठ ब्यूरो Updated Tue, 13 Aug 2019 12:39 AM IST






मीरापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन शराब कारोबारी। - फोटो : MUZAFFARNAGAR

**नकली शराब बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़**

**मीरापुर (मुजफ्फरनगर)। गांव कासमपुर खोला के जंगल में दबिश देकर पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने नकली शराब बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। मुठभेड़ में शराब बना रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर बड़े पैमाने पर नकली शराब, उपकरण व अन्य सामान बरामद किया गया है।**

**कोतवाली क्षेत्र के गांव कासमपुर खोला के जंगल में एक ईख के खेत के बीच अवैध शराब फैक्टरी चलाए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस पर इंस्पेक्टर पंकज कुमार त्यागी व आबकारी इंस्पेक्टर अरुण सिंह के नेतृत्व में रविवार शाम खेतों में छापेमारी की गई। इंस्पेक्टर पंकज त्यागी ने बताया कि पुलिस टीम को देखते ही शराब बना रहे लोगों ने फायरिंग कर दी, जिससे पुलिस टीम बाल-बाल बची। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें जगधर उर्फ जग्गे उर्फ जगदर्शन पुत्र लखमीरे, सोनू पुत्र महेंद्र व बालेश्वर पुत्र जगराम निवासी, गांव कासमपुर खोला शामिल थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि मौके से चार केनों में भरी** 160 **लीटर नकली शराब, एक ड्रम लाहन, भट्ठी,** 56 **खाली पव्वे,** 54 **हॉलमार्क और एक कट्टा यूरिया के साथ ही दो तमंचे-कारतूस व चाकू आदि बरामद किए गए। तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।**

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/muzaffarnagar/fake-liquor-factory-in-kasampur-muzaffarnagar-news-mrt4380390173